देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 100 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**शादी, तलाक, उत्तराधिकार



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 17 जुलाई 2021



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 नाम लिए बगैर जमकर साधा निशाना

7 कौन बनेगा टीम इंडिया का विकेटकीपर ?

# 5 स्टार होटल वाला देश का पहला रेलवे स्टेशन

## गुजरात में प्रधानमंत्री के हाथों कई रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने गृह राज्य गुजरात को सैकड़ों करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात में कई विकास परियोजनाओं के साथ गांधीनगर के नवनिर्मित आधुनिक रेलवे स्टेशन गांधीनगर कैपिटल स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके अलावा गुजरात साइंस सिटी में प्रधानमंत्री मोदी ने एक्वेटिक व रोबोटिक्स गैलरी व नेचर पार्क का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गुजरात की रेल कनेक्टिविटी सशक्त हो गई।

प्रधानमंत्री ने कहा, नए भारत की नई पहचान में आज एक और नई कड़ी जुड़ रही है। आज देश का लक्ष्य कंक्रीट का ढांचा खड़ा करना नहीं है बल्कि देश में ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है जिसकी अपनी एक विशेषता है। प्रधानमंत्री ने यहां शुरू किए गए विभिन्न गैलरियों के बारे में बताया कि यह विश्वस्तरीय बनाई गई है। उन्होंने कहा, जब कल को मैंने इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो कमेंट्स में लोगों ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि ऐसा अपने देश में है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत की जरूरत, 20वीं सदी के तौर तरीकों से पूरी नहीं हो सकती है। इसलिए रेलवे में नए सिरे से रिफॉर्म की जरूरत है।

हमने रेलवे को सिर्फ एक सर्विस के तौर पर नहीं, बल्कि एक संपत्ति के तौर पर विकसित करने का काम शुरू किया है। उन्होंने कहा, हमारे शहरों की एक बड़ी आबादी क्वालिटी पब्लिक लाइफ और क्वालिटी पब्लिक स्पेस से वंचित रही है। अब अर्बन डेवलपमेंट की पुरानी सोच को पीछे छोड़कर, देश आगे बढ़ रहा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा गुजरात के सीएम विजय रूपाणी, उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शन जरदोश समेत अन्य कई मंत्री भी शामिल हुए।

### पीएम मोदी ने गुजरात को दी अनोखी सौगात

**नेचर पार्क और साइंस सिटी का दिया तोहफा**

पीएम मोदी ने नेचर पार्क, गुजरात साइंस सिटी, एक्वाटिक गैलरी और रोबोटिक्स गैलरी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें साझा करते हुए इनके बारे में जानकारी दी। इसे देश का सबसे बड़ा एक्वाटिक गैलरी बताया जा रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि यह एशिया की टॉप एक्वाटिक गैलरी में से एक है।



### एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया गया मार्डन रेलवे स्टेशन

पीएम मोदी ने देश के पहले फाइव स्ट्टार होटल वाले गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। इस रेलवे स्टेशन को 71 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक बनाया गया है। यहां आधुनिक एयरपोर्ट्स के मुताबिक ही विश्वस्तरीय सुविधाएं दी गई हैं। साथ ही दिव्यांगों की सुविधा के लिए विशेष टिकट खिड़की, रैम्प, लिफ्ट और सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था की गई है। स्टेशन पर अत्याधुनिक थीम आधारित लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें 32 थीम निर्धारित हैं। वहीं, स्टेशन परिसर में पांच सितारा होटल भी होगा।

### वाराणसी सुपरफास्ट समेत 2 नई ट्रेनों को हरी झंडी

प्रधानमंत्री मोदी ने दो नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। इनमें गांधीनगर कैपिटल–वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अलावा गांधीनगर से वरेठा के बीच एमईएमयू शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी बड़ी लाइन में तब्दील, विद्युत इंजन के संचालन के योग्य महेसाणा–वरेठा लाइन के साथ ही विद्युत लाइन में तब्दील सुरेन्द्रनगर–पीपावाव लाइन का भी लोकार्पण किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे। उनके अलावा गुजरात के सीएम विजय रूपाणी, उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शन जरदोश समेत अन्य कई मंत्री भी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 38949 नए मामले सामने आए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना की रफ्तार धीरे–धीरे थमती नजर आ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि चार मई के हफ्ते में ऐसे 531 जिले थे, जहां रोज 100 से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे थे। अब ऐसे सिर्फ 73 जिले रह गए हैं। रिकवरी रेट 12 मई को 83 फीसद पर थी, जो अब 97.3 फीसद हो गई है। देश में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 38949 नए मामले सामने आए हैं, जबकि इसी दौरान 542 लोगों की महामारी से मौत भी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 12 हजार 531 हो गया है। संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 10 लाख 26 हजार 829 पर जा पहुंची है। हालांकि, तीन करोड़ एक लाख 83 हजार 876 लोगों ने महामारी को मात भी दी है।

# सर्वोच्च है जीवन का मौलिक अधिकारः सुको

## कांवड़ यात्रा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, केंद्र ने रखा अपना पक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा को अनुमति देने के फैसले पर उत्तर प्रदेश सरकार से एक बार फिर विचार करने को कहा है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से सोमवार तक का समय देते हुए कहा कि तब तक अपने फैसले से कोर्ट को अवगत कराए नहीं तो कोर्ट आदेश जारी कर देगा। वहीं कोर्ट में केंद्र की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों का अपने इलाके के मंदिर तक ले जाना कोरोना संक्रमण के मद्देनजर उचित नहीं है इसलिए टैंकर के जरिए गंगाजल को जगह–जगह उपलब्ध करवाया जाए।

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश को एक बार दोबारा विचार करने को कहा और सोमवार तक समय दिया है। कोर्ट ने कहा, हम आपको विचार का एक और मौका देना चाहते हैं ताकि आप इस पर सोचें कि यात्रा को अनुमति देनी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई में कहा कि जीवन का अधिकार भारत के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और नागरिकों को प्राप्त सभी अधिकारों से सर्वोच्च है। कोर्ट ने कहा कि देश के नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य का अधिकार सर्वोपरि है और धार्मिक भावनाओं सहित अन्य सभी भावनाएं इसके अधीन हैं।

**केंद्र सरकार का सुझावः** केंद्र सरकार ने भी अपना पक्ष रखा। उसने यूपी की योगी सरकार का सीधे–सीधे विरोध तो नहीं किया, लेकिन एक तरह से कांवड़ यात्रा की अनुमति पर अपनी सहमति नहीं दी। केंद्र के वकील और देश के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुझाव दिया कि कांवड़ियों को शिव मंदिरों में अभिषेक के लिए खुद गंगाजल भरकर लाने की अनुमति दिए जाने की जगह सरकार उन्हें गंगाजल मुहैया करवा दे।

### उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा को कर दिया है रद

उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ यात्रा को रद कर दिया है लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरी एहतियात बरतते हुए इस यात्रा की अनुमति दे दी है। योगी के इस आदेश पर हैरानी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र को नोटिस जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इस यात्रा के लिए की गई तैयारियों का ब्यौरा कोर्ट में दिया जाना है। राज्य में 25 जुलाई से प्रस्तावित कांवड़ यात्रा के लिए कोरोना प्रोटोकाल के साथ पूरी तैयारी हो चुकी है।

# डरपोक कांग्रेसियों को बाहर निकालो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं को आरएसएस का आदमी करार दिया है। पार्टी की सोशल मीडिया यूनिट के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को निडर लोगों की जरूरत है, कमजोर लोगों की नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो संघ की विचारधारा में विश्वास रखते हैं। ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ऐसे बहुत से लोग हैं जो निडर हैं लेकिन कांग्रेस में नहीं हैं। उन्हें पार्टी में लाया जाना चाहिए और जो कांग्रेसी डरते हैं (बीजेपी से) उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो आरएसएस की विचारधारा में यकीन रखते हैं। हमें निडर लोगों की जरूरत है।

राहुल गांधी ने कहा, बहुत सारे लोग हैं जो डर नहीं रहे हैं... कांग्रेस के बाहर हैं..उनको अंदर लाओ और जो हमारे यहां डर रहे हैं, उनको बाहर निकालो...चलो भैया जाओ। आरएसएस के हो, जाओ भागो, मजे लो। नहीं चाहिए, जरूरत नहीं है तुम्हारी। हमें निडर लोग चाहिए। ये हमारी आइडियोलॉजी है।

### बयान

■राहुल गांधी का बड़ा बयान– हमें निडर लोगों की जरूरत

**सिंधिया, जितिन प्रसाद पर निशाना ?**

राहुल गांधी के इस बयान के निशाने पर ज्योतिरादित्य सिंधि‍या, जितिन प्रसाद जैसे नेता हैं जो कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं। इसके अलावा यह कांग्रेस के उन नेताओं के लिए भी साफ संदेश है जो बागी तेवर अपनाए हुए हैं। पार्टी में पहले से ही असंतुष्ट नेताओं का G–23 समूह है और पंजाब में भी चुनाव से पहले पार्टी में गुटबाजी चरम पर है। ज्योतिरादित्य सिंधिया हाल में हुए मोदी मंत्रिपरिषद विस्तार में जगह पाए हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# हम तीसरी लहर के मुहाने पर हैं खड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई जारी है। इसके तहत टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन का काम तेजी से चलाया जा रहा है। वही नीति आयोग (स्वास्थ्य) के सदस्य डॉ. वीके पॉल ने कहा कि देशवासियों को अब भी खतरा है। हम हर्ड इम्युनिटी से अभी काफी दूर हैं। हम लगातार वैक्सीनेशन को बढ़ा रहे हैं। जोखिम वाली कम से कम 50 फीसदी आबादी को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं और हमें इसे बरकरार रखना है। डॉ. पॉल ने कहा कि अगले 100 दिन देश के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

दुनिया कोरोना की तीसरी लहर की तरफ बढ़ रही है और यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी हमसे कहा है कि इसे रेड सिग्नल के तौर पर लिया जाए। पीएम ने हमें तीसरी लहर को रोकने का लक्ष्य दिया है और यह संभव है। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि हम तीसरी लहर के मुहाने पर खड़े हैं।

### भारत के लिए अगले 100 दिन अहमः डा. पॉल